जलाड़ी-फतेहपुर सड़क पर पलटी निजी बस

दोपहर के वक्त पेश आया हादसा, बस में सफर कर रहे यात्रियों को आई चोटें

हिमाचल दस्तक ▮ नादौन

सोमवार दोपहर जलाड़ी फतेहपुर संपर्क मार्ग पर एक निजी बस पलट गई। बस में लगभग 15 सवारियों सवार थीं। फतेहपुर चौक के निकट हुए इस हादसे में कुछ बस 3-4 सवारियों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

▮ चौक के पास अब तक हो चुकी हैं कई दुर्घटनाएं

घटना की जानकारी देते हुए पुतड़ियाल पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार ने बताया कि जिस स्थल पर यह घटना हुई है, उस स्थान पर पेवर टाइल बिछाई गई हैं। यहां कुछ तकनीकी खामी के कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो रही हैं।

दुर्घटना के बाद संजीव कुमार सहित भरधयाड पंचायत की प्रधान रीता देवी, उपप्रधान गोविंद पठानिया, रैल पंचायत प्रधान रेनू बाला, पूर्व प्रधान राकेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंच गए और विभाग के कर्मचारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने विभाग को बताया कि फतेहपुर चौक पर इस स्थल पर जो टाइलें बिछाई गई हैं, उनमें कोई तकनीक की समस्या है, जिसके कारण यहां बार-बार घटनाएं हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि इस स्थल पर सड़क भी थोड़ी तंग है तथा आगे एक मोड़ है। जनप्रतिनिधियों ने विभाग से मांग की है कि शीघ्र समस्या का समाधान करवाया जाए। उन्होंने विभाग से मांग की है कि विभागीय अधिकारियों की टीम निरीक्षण करके समस्या का स्थाई समाधान करें।

नादौन। फतेहपुर चौक के पास दुर्घटनाग्रस्त निजी बस।

विभाग के कर्मचारी को ज्ञापन सौंपते हुए पंचायत के जन प्रतिनिधि।

संपर्क मार्ग पर विभागीय मानकों के आधार पर करवाया जाएगा कार्य : एसडीओ

इस संबंध में विभाग के एसडीओ देशराज ने बताया कि संपर्क मार्ग पर विभागीय मानकों के आधार पर कार्य करवाया गया है, यदि फिर भी कोई समस्या होगी, तो इसका समाधान करवा दिया जाएगा।

धर्म व संस्कृति बचाने में नारी शक्ति निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : धूमल

हिमाचल दस्तक ▮ भोरंज

हमारे धर्म को बचाकर रखने में हमारे समाज की नारी शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हमारी संस्कृति ही हमारा धर्म है। अगर ध्यान से देखें तो आस-पास हो रहे धार्मिक आयोजनों में नारी शक्ति की संख्या पुरुषों से अधिक होती है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने भोरंज के केहरवीं में चमुखा शिव मंदिर के नव निर्मित सरायं भवन का उद्घाटन करने के पश्चात यह बात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

▮ पूर्व सीएम ने केहरवीं के चमुखा शिव मंदिर के सराय भवन का किया उद्घाटन

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के सामर्थ्य को पहचानते हुए उन्होंने सरकार में रहते हुए पंचायत चुनावों में महिलाओं के 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की थी, लेकिन इसके साथ ही इस बात को भी न भूलना चाहिए कि जिस तरह शरीर के हर अंग का महत्व हैं, उसके बिना मानव अधूरा है, उसी तरह महिला और पुरुष दोनों ही समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं और एक दूसरे के बिना अपूर्ण हैं। स्वयं भगवान शिव भी अर्द्धनारीश्वर स्वरूप हैं, इसलिए सबको मिलकर चलना होगा, तभी समाज आगे बढ़ सकता है।

आजादी का मतलब ही वास्तव में सांस्कृतिक जागरण

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी का मतलब ही वास्तव में सांस्कृतिक जागरण है। हमारी संस्कृति ही हमारा इतिहास है। एक दौर ऐसा आया जब हमें हमारा इतिहास बुलाकर हमारी मानसिकता ही गुलामी वाली कर दी गई तब हम आगे नहीं बढ़ पाए। यह वह दौर था जब आर्यों ने मुगलों ने और फिर अंग्रेजों ने हम पर शासन किया। हमारी सांस्कृतिक विरासत को हमारी मान्यताओं को हमारे विश्वास को विदेशियों ने दकियानूसी और अंधविश्वासी का नाम दे दिया। लेकिन आज पूरा विश्व धीरे-धीरे उन्हीं हमारी वर्षों पुरानी चले आ रही मान्यताओं को अपना रहा है। आज विश्व में पर्यावरण को वृक्षों को नदियों को बचाने की बातें हो रही हैं हमारे बड़े बुजुर्ग जिनकी पूजा किया करते थे। हमें यह बात समझनी होगी कि हमारा इतिहास हमारी सांस्कृतिक विरासत गौरवशाली है। उन्होंने सराय भवन के निर्माण में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

जीवन में शिक्षकों का महत्वपूर्ण रोल

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में अध्यापक दिवस धूमधाम से मनाया गया। भारत में शिक्षक दिवस पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।

यह दिवस शिक्षकों को प्यार व सम्मान देने का होता है। हमारे जीवन में शिक्षकों का सबसे महत्वपूर्ण रोल है, क्योंकि वह हमें न सिर्फ किताबी ज्ञान देते हैं, बल्कि आने वाली चुनौतियों के लिए भी तैयार करते हैं।

शिक्षक एक कुम्हार की तरह विद्यार्थी के व्यक्तित्व को बनाता है और एक दीपक की तरह जल कर ज्ञान की रोशनी बढ़ाता है। यह दिवस शिक्षकों को प्यार व सम्मान देने का होता है। इस दिवस पर विवि के सभी विभागों जैसे फिजिक्स, केमिस्ट्री, बोटनी, गणित, जूलॉजी, माइक्रो-बायोलाजी, बी.फार्मेसी, बीटेक, मैनेजमेंट, होटल मैनेंजमेंट, व लॉ के विद्यार्थियों ने अपने-अपने तरीके से शिक्षक दिवस को मनाया। विवि प्रशासन ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

जिले में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

विद्यार्थियों को दी आत्मनिर्भर बनने की सीख

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

वर्तमान युवा पीढ़ी में सकारात्मक सोच को विकसित करना और देश-समाज के हित के लिए उनमें मानसिकता परिवर्तन लाना समय की जरूरत है। युवाओं के कौशल विकास को रोजगार सृजन की दिशा में प्रेरित करना शिक्षक की प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे युवा वर्ग पढ़ाई के बाद नौकरी के पीछे न भागकर, खुद दूसरों को नौकरी देने में समक्ष हो सकें।

यह बात शिक्षक दिवस के अवसर पर तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता योजना व विकास प्रो. जयदेव ने संगोष्ठी में बतौर मुख्यवक्ता कही। तकनीकी विवि व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान से शिक्षक दिवस पर 'रोजगार इच्छुक से रोजगार सृजन की ओर' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें तकनीकी विवि के कुलसचिव अनुपम कुमार व अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. राजेंद्र गुलेरिया विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. जयदेव ने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान का लक्ष्य 2030 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसके लिए हर हाथ को काम देना और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए देश में स्वरोजगार को विकसित करना है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना होगा।

▮ तकनीकी विवि में 'रोजगार इच्छुक से रोजगार सृजन की ओर' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को किया सम्मानित

तकनीकी विवि की संगोष्ठी में उद्यमिता सम्मान के रूप में दो लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ. सतीश गिल और सोनू राजपूत शामिल है। उन्होंने भी अपने कारोबार के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं, तकनीकी विवि के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने-अपने विचार कविता, वक्तव्य के माध्यम से रखे। साथ ही विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया।

डीएवी भड़ोली में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस मनाया

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत स्कूल के प्रधानाचार्य सुजीत कुमार राणा व अन्य गण्यमान्य के साथ छात्र।

नादौन। सोमवार को डीएवी भड़ोली में शिक्षक दिवस के मौके पर कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चों द्वारा अपने शिक्षकों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में शिक्षकों के साथ ही बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में तरह-तरह की प्रस्तुतियां दी और उन्हें विभिन्न टाइटलों से नवाजा। कार्यक्रम में छात्राओं ने कविता, संदेश, ग्रीटिंग कार्ड व नृत्य के जरिए शिक्षकों के प्रति आदर और सम्मान व्यक्त किया। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने अध्यापकों व बच्चों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही गुरुओं का हमारे जीवन में बड़ा योगदान रहा है। गुरु से ही प्राप्त ज्ञान और मार्गदर्शन से ही हम सफलता के शिखर तक पहुंच सकते हैं। तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने अध्यापकों सहित डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन प्रबोध महाजन, वाइस चेयरमैन ओपी सोंधी, एआरओ वीके यादव व प्रबन्धक नमित शर्मा ने सबको शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

न्यूज 1 नजर में

हिम-आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक कल

हमीरपुर। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 सितंबर को खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, कांगू, जिला हमीरपुर में आयोजित की जानी सुनिश्चित है। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए मंथन किया जाएगा। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शंभू राम जसवाल को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त खंड नादौन में डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाए जाने का कार्यक्रम भी है। अतः नादौन खंड पदाधिकारियों एवं सदस्य पेंशनरों से अपील है कि वह खंड की बैठक में अवश्य अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की कृपा करें।

पक्का भरो में एटीएम खोलने की मांग

हमीरपुर। हमीरपुर के पक्का भरो बाजार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम मशीन लगाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। बाजार के साथ-साथ आसपास के इलाकों वरिष्ठ नागरिकों ने एसबीआई इंडिया हमीरपुर के मुख्य प्रबंधक से बाजार में एटीएम लगाने की मांग की है। ग्रामीणों व वरिष्ठ नागरिकों में रमेश डोगरा, नीलम डोगरा, चंद्रशेखर, किरन सयाल, रमेश चंद, कल्पना देवी, अमन जसवाल, प्रभात सिंह, आरती देवी सहित अन्य आवेदकों का कहना है कि पक्का भरो बाजार में वर्तमान में कांगड़ा बैंक की एटीएम मशीन चल रही है, लेकिन इस मशीन में दूसरे बैंकों के कार्ड नहीं चल पा रहे हैं। ऐसे में पक्का भरो बाजार में एटीएम मशीन की अति आवश्यकता है। इन लोगों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक से पक्का भरो बाजार में एटीएम खोलने की मांग की है।

68 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

हमीरपुर। केंद्रीय मंत्री एवं सांसद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने डॉ. अंजू के नेतृत्व में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांधी चौक में आम जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 68 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की एवं 26 लोगों के रक्त की भी जांच की गई जिनमें 7 लोगों को बीपी, 3 लोगों में शुगर, 21 में हड्डियों से संबंधित रोगों की शिकायत पाई गई व 37 लोग अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए।

द मैग्नेट स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हमीरपुर। द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर के छात्र ने हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ द्वारा हमीरपुर में आयोजित द्वितीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 2022 में विद्यालय के 11वीं कक्षा के छात्र शिवम शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता 4 सितंबर को हमीरपुर में आयोजित हुई। प्रधानाचार्य अरूण कुमार चौहान ने शिवम के इस शानदार प्रदर्शन के अवसर पर स्कूल के डीपीई अजय कुमार वर्मा, सहित अन्य स्टाफ व छात्रों को बधाई दी।

साईं विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में टीचर्स को गिफ्ट देकर किया सम्मानित

हिमाचल दस्तक ▮ भोरंज

साईं विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में शिक्षक दिवस के मौके पर स्कूल के बच्चों ने सबसे पहले देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और शिक्षक से राष्ट्रपति का पद प्राप्त करने के लिए उनको बहुत-बहुत बधाई देते हुए उनके जीवन से सभी को प्रेरणा देने की बात कही।

स्कूल में बच्चों ने अध्यापकों के लिए कई गतिविधियां करवाई, जिसमें अध्यापकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और बड़ी धूमधाम से इस दिवस को मनाया। सभी बच्चों ने अपने-अपने अध्यापकों को अलग-अलग प्रकार के गिफ्ट देकर भी सम्मानित किया। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य सुनीता देवी ने सभी टीचरों को बधाई दी। साथ में बच्चों का धन्यवाद किया कि उन्होंने इस प्रकार का कार्यक्रम उनके सम्मान में आयोजित किया और सारे शिक्षक जगत को आज शिक्षक दिवस की बड़ी-बड़ी बधाई दी। डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन से बच्चों को प्रेरणा लेने की बात कही और बच्चे उनके बताए हुए मार्ग पर आगे चले यह बात स्कूल की प्रधानाचार्य ने कही। स्टाफ के सभी सदस्य इस मौके पर उपस्थित रहे।

बड़सर में खोले जाएंगे तीन सैटेलाइट सिटी मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज

हिमाचल दस्तक ▮ बड़सर

बड़सर बीजेपी के सशक्त ध्रुव बने एमआईटी बणी के विहंगम परिसर में शिक्षक दिवस की खूब गहमागहमी रही। लगातार तीन वर्षों से शिक्षक दिवस का आयोजन करवाते आ रहे प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने क्षेत्र के शिक्षक वर्ग की भीड़ को एक बैनर तले इक्ट्ठा करके न केवल कांग्रेस के होश फाख्ता किए हैं, बल्कि पार्टी के अंदर विनोद का विरोध कर रहे नेताओं की भी नींदें हराम की हैं। कहना न होगा कि बड़सर बीजेपी में स्टेट स्पोक्स मैन विनोद ठाकुर के आह्वान पर उमड़ी शिक्षकों की भीड़ अगर मतों में तबदील होती है तो फिर विनोद ठाकुर अपने और परायों के विरोध के बावजूद अपनी सर्वोच्चता कायम करने में सफल हो सकते हैं। शिक्षा और संस्कारों से बढ़कर शिक्षक दिवस की इस बेला पर बड़सर के विकास का जो खाका विनोद ठाकुर ने जनता को दिखाया व सजाया है। अगर सरकार बनने पर यह घोषणाएं सिरे चढ़ती हैं तो बड़सर के विकास को आसमान छूने से कोई नहीं रोक सकता है। बीजेपी प्रवक्ता विनोद ठाकुर के शिक्षक दिवस पर दिए गए संबोधन पर अगर यकीन करें तो बड़सर के विकास के रोड मैप में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, तीन सैटेलाइट सिटी (बिझड़ी, बड़सर, भोटा), सलौणी में डिजिटल लाइब्रेरी, ब्लॉक ऑफिस व मिनी सचिवालय क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। विनोद बड़सर क्षेत्र बीजेपी के टिकटार्थियों की धमाल चौकड़ी में इसलिए भी चर्चित है कि यहां तीन मर्तबा बीजेपी के हनुमान की सत्ता की दहशत जनता ने देखी है।

▮ शिक्षक दिवस पर बोले प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता विनोद ठाकुर

शिक्षक दिवस के बहाने बीजेपी ने जमकर किया सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग : राजेंद्र राणा

कहा- रूटों पर नहीं चली बसें, जनसभा के लिए ढोती रहीं सवारियां

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

अब शिक्षक दिवस की आड़ में बीजेपी ने शक्ति प्रदर्शन का असफल प्रयास किया है। प्रदेश में बद से बदहाल होती शिक्षा व्यवस्था के बीच न बीजेपी को शिक्षकों से कुछ लेना है और न ही शिक्षा ग्रहण करने वालों से कुछ लेना है। बीजेपी को तो सिर्फ हर हथकंडा अपनाकर सत्ता हथियानी है।

यह बात प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक राजेंद्र राणा ने यहां जारी प्रेस बयान में कही है। राणा ने सवाल खड़ा किया है कि अगर बीजेपी की जमात में शिक्षकों के प्रति इतना ही सम्मान है तो प्रदेश का अधिकांश वर्ग ओपीएस के लिए दर-बदर भटकते हुए हताश और निराश है। दूसरी ओर आउटसोर्स पर प्रदेश के शिक्षित युवाओं का शोषण क्यों हो रहा है। अग्नीवीर जैसी 4 साल में रिटायर करने वाली योजनाएं क्या ऐसे ही शिक्षा संस्कारों को फलीभूत करने के लिए बीजेपी लाई है।

राणा ने कहा कि हैरानी यह है कि बीजेपी अपने प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी मशीनरी व सरकारी तंत्र का पूरी तरह जमकर दुरूपयोग कर रही है। हमीरपुर के नादौन में हुए कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए अधिकांश एचआरटीसी के रूटों को ऐसे बंद कर दिया गया जैसे कि कोई इमरजेंसी बन आई हो। लोग बस अड्डों में रूटों की बसों के लिए भटकते रहे लेकिन रूट पर जाने वाली बसें बीजेपी की जनसभाओं में भीड़ जुटाने के लिए लोगों को मुफ्त में ढो रही थी। इन बसों पर बकायदा सभा स्थल को जाने की सूचना देते हुए बैनर चिपके हुए थे। राणा ने कहा कि सत्ता का दुरुपयोग और सरकारी मशीनरी का जितना दुरुपयोग बीजेपी के शासनकाल में हुआ है उतना दुरुपयोग कभी नहीं हुआ होगा।

महंगाई-बेरोजगारी का हल निकाले भाजपा

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि वह सीसीटीवी की तरह उन लोगों पर नजर रख रहे हैं, जो दिन के उजाले में कहीं हैं और रात में कहीं हैं। आप लोगों पर नजर रखना छोड़िए। सत्ता से जाते-जाते अगर नजर रखनी है, तो बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर रखिए और इसका हल निकालें। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया अध्यक्ष एवं प्रवक्ता अभिषेक राणा ने कही। अभिषेक ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता को 2017 के विधानसभा चुनावों में गुमराह किया गया था और अब उनके शुभचिंतक उन्हें धौलासिद्ध प्रोजेक्ट को लेकर भी गुमराह कर रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि कांग्रेस धौलासिद्ध प्रोजेक्ट के खिलाफ है, लेकिन मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कांग्रेस धौलासिद्ध प्रोजेक्ट के खिलाफ नहीं है। इस प्रोजेक्ट में एसजेवीएन और ऋत्विक कंपनी द्वारा रोजगार, खनन या जमीन खरीद में जो धांधली हुई है, हम उसके खिलाफ हैं।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड INOXWIND

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975 272001 | **वेबसाइटः** www.inoxwind.com | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com

13वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में शेयरधारकों को सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है **कि कम्पनी की तेरहवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 को 12:00 बजे दोपहर (भारतीय मानक समय),** कम्पनी अधिनियम, 2013 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के सामान्य परिपत्रों दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 8 दिसम्बर, 2021, 14 दिसम्बर, 2021 एवं 5 मई, 2022 ('एमसीए परिपत्रों') तथा सेबी परिपत्र दिनांकित 13 मई, 2022 ('सेबी परिपत्र') के अनुपालन में, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों (ओएवीएम) की सुविधा के माध्यम से, एक आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसरण में, 13वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट अन्य वांछित संलग्नक दस्तावेजों सहित, केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों के ईमेल पते पर भेजे जाएंगे जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com; स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com; तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कम्पनी भौतिक/ डीमैट तौर पर शेयर प्रतिरक्षित करने वाले अपने सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर उनका वोट डालने हेतु ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग' की सुविधा) प्रदान कर रही है। एजीएम में सम्मिलत होने तथा 'रिमोट ई–वोटिंग'/ 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग' हेतु निर्देश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अन्तर्गत कोरम के प्रयोजन हेतु संगणित किया जाएगा।

यदि आपने कम्पनी/ डिपॉजिटरी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, तो कृपया इसे पंजीकृत करने, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने तथा एजीएम में सम्मिलत होने/ ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए लॉगिन विवरण हेतु नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

क) भौतिक होल्डिंगः आवश्यक विवरण, जैसे फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन की हुई प्रति), आधार (स्व–सत्यापित आधार कार्ड की प्रति) प्रदान करते हुए ईमेल द्वारा एक अनुरोध कम्पनी को investors.iwl@inoxwind.com पर अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रान्सफर एजेंट को rnt.helpdesk@linkintime.co.in पर भेजें;

ख) डीमैट होल्डिंगः कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें एवं अपने डीपी की सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार, अपने ईमेल पते तथा फोन नम्बर को अपने डीमैट खाते में पंजीकृत करें।

किसी भी प्रश्न/ मुद्दे के सम्बन्ध में सदस्य श्री नितिन कुंदर / श्री राकेश दल्वी (022–23058738/ 543) से संपर्क कर सकते हैं या सीडीएसएल को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 5 सितम्बर, 2022